तापमान
अधिकतम 36.1 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 5 सितंबर 2025

12 बरसात से राहत, नदियां भी शांत ज्यादातर...

12 43 हजार क्यूसिक पानी आने पर भी छावनी में...


## लगातार बढ़ रहा मारकंडा नदी का जलस्तर

*लगातार भारी बारिश और पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाले पानी के कारण मारकंडा के जरिए शाहबाद और पिहोवा के 20 से ज्यादा गांव प्रभावित, गांव कठवा, तंगोर, झांसा और मदनपुर में रेस्क्यू ऑपरेशन टीमें की नियुक्त*

### शाहबाद में वीरवार शाम तक 34 हजार क्यूसिक के पार पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

शाहबाद में मारकंडा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। वीरवार शाम तक मारकंडा नदी में 34550 क्यूसिक पानी की मात्रा दर्ज की गई। लगातार भारी बारिश और पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाले पानी के कारण मारकंडा के जरिए शाहबाद और पिहोवा के 20 से ज्यादा गांव प्रभावित हुए है। इन गांवों में खेत में खड़ी फसल जलमग्न हो चुकी है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि आमजन को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए गांव कठवा, तंगोर, झांसा और मदनपुर में चार टीमों का गठन किया गया है। साथ ही जरुरत पडऩे पर अन्य टीमों को भी नियुक्त किया जा सकता है। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि प्रशासन द्वारा गठित टीमों का सहयोग करें, ताकि इस आपदा से आपातकालीन क्षेत्र पर समय रहते सुरक्षा उपलब्ध करवाई जा सके। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टिद से नियुक्त की गई टीमों 24 घंटे निर्धारित स्थानों पर डयूटी देंगी। इन टीमों का नेतृत्व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड कुरुक्षेत्र के इंचार्ज राजेश हुडा व एसडीआरएफ इंचार्ज राजीव कुमार करेंगे। कठवा टीम में एसआई संजीव कुमार, एएसआई संजीव, जयपाल, बलदेव सिंह, संजीव कुमार गुरदीप सिंह शामिल रहेंगे। इसी तरह तंगौर पर लगाई टीम में एएसआई सोहन सिंह, एएसआई विजय सिंह, संदीप कुमार, संदीप कुमार, रामफल, गुलाब सिंह, टिंकू रोजदा, रवि को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा झांसा पर लगाई टीम में एएसआई जसविंद्र सिंह, सर्वजीत सिंह, विक्रम, कुलदीप सैनी, साकेश, रोबिव नव सचिन कुमार को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि मदनपुर में लगाई टीम में जयदीप, मनीष, रमेश कुमार, मायाराम, शुभम, अमन, मोहन लाल को शामिल किया गया है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि जिला प्रशासन ने जिला स्तर, उपमंडल स्तर पर कंट्रोल रूम में स्थापित किए हैं। इन कंट्रोल रूम में नागरिक संपर्क करके अपनी समस्या, परेशानी बता सकता है और आपदा से संबंधित सूचनाएं भी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि आमजन के सहयोग के लिए गांवों में ही पटवारी और ग्राम सचिवों को रहकर नागरिकों की समस्याओं को जानने के निर्देश दिए गए हैं। कलस्टर स्तर पर टीमों को गठन कर उच्च अधिकारियों को नियुक्त किया गया है।


कुरुक्षेत्र। मारकंडा नदी में बहता पानी।

### सरस्वती नदी में 300 क्यूसिक पानी की मात्रा

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती नदी ने शहर के लोगों को पानी से बचाकर रखा है। इसलिए लोग सरस्वती नदी की सफाई और अन्य विकास कार्यों की प्रशंसा कर रहे है। इस समय सरस्वती नदी में लगभग 300 क्यूसिक पानी चल रहा है। हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह ने गांव बिहोली, मरचेहडी, रामपुरा, संघौर, सरस्वती रिर्जवायर, सरस्वती नदी के किनारे शहरी क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान लोगों से बातचीत की और सरस्वती नदी के पानी के बारे में फीडबैक ली। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी में इस समय लगभग 300 क्यूसिक पानी चल रहा है। इस बार भारी बारिश के बावजूद शहर में पानी नहीं आया है।

### उपायुक्त ने दौरा करके लिया स्थिति का जायजा

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि लगातार भारी बारिश और पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाले पानी के कारण मारकंडा के जरिए शाहबाद और पिहोवा के 20 से ज्यादा गांव प्रभावित हुए है। इन प्रभावित क्षेत्रों के आम नागरिकों के साथ प्रशासनिक अधिकारी कंधा से कंधा मिलाकर खड़े है। वे वीरवार को इस्माईलाबाद के गांव नैसी के पास मारकंडा बांध टूट जाने उपरांत गांव में निरीक्षण करने तथा हालातों का जायजा लेने पंहुचे। इस मौके पर उनके साथ उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच आईएएस भी उपस्थित थे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि देर रात्रि गांव नैसी के समीप मारकंडा बांध टूटने से खेतों में काफी पानी बढ़ गया था। हालांकि नैसी व आस-पास के गांवों के आबादी क्षेत्र में जलभराव की कोई समस्या सामने नहीं आई है।

## टांगरी के उफान ने खोली प्रशासनिक तैयारियों की पोल, टीम के साथ मैदान में उतरी सरवारा

- कई कॉलोनियों का किया दौरा, युवाओं के साथ प्रभावित लोगों की खुद कर रही हैं मदद, राहत सामग्री का किया जा रहा है वितरण



अंबाला। लोगों से बातचीत करते चित्रा व ट्रेक्टर पर सवार होकर लोगों की मदद करते हुए।

**अंबाला।** टांगरी नदी के उफान ने एक बार फिर प्रशासनिक तैयारियों की पोल खोल दी है। छावनी के कई इलाके डूब चुके हैं और सड़कें जलमग्न है। हालात का जायजा लेने पहुंची युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने कहा कि यह सिर्फ प्राकृतिक आपदा नहीं बल्कि शासन-प्रशासन की लापरवाही और प्लानिंग की घोर कमी का जीता-जागता सबूत है। समय की,पैसे की,मौके की मौसम विभाग द्वारा वार्निंग की कोई कमी नहीं थी लेकिन जमीन पर सरकार की प्लानिंग और लागत जीरो है। मौके पर मौजूद कर्मचारियों से पता चला कि एक मोटर जल गई है और पंप गर्म होने पर बंद हैं तो...बंधे के आखिरी कोने पर बंद निकासी के पंप पर सवाल करते हुए चित्रा ने पूछा कि क्यों मौजूदा 8 पंप में से आधे बंद क्यों थे। अगर किसी पम्प में आग लग गई थी तो उसकी एवज में स्पेयर या एक्स्ट्रा पंप मौके पर तैयार क्यों नहीं करवाए गए। चित्रा ने कहा कि लाखों-करोड़ों रुपए की घोषणाएं और विकास योजनाएं ध्वस्त हो गई हैं। "सरकार और प्रशासन की स्कीमें सिर्फ बयानबाजी तक सीमित हैं। तटबंधों के नाम पर किए गए दावे सब पानी में बह गए। सरवारा ने अपने दौरे में यह भी देखा कि बाढ़ निकासी के लिए लगाए गए चार पंपों में से तीन पूरी तरह फेल हो चुके हैं और मात्र एक पंप काम कर रहा है।

### तबाही के मुहाने पर खड़े छावनी के लोग

अंबाला। टांगरी नदी का उफान एक बार फिर अंबाला छावनी को तबाही के मुहाने पर खड़ा कर गया। लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए बांध बेअसर साबित हुए, पंप और जनरेटर मौके पर फेल हो गए, और प्रशासन केवल तमाशबीन बनकर रह गया शाहपुर से कोटकछुआ के बीच जहां रोड पर दरार आई हुई है वहां हमारी हिदुस्तान की सेना की जरूरत थी। यहां प्रशासन के न पहुंचने पर स्वयं गांव के लोगों ने युवाओं ने और स्वयं किसानों ने मोर्चा संभाला । कॉलोनियों, गलियों और इंडस्ट्रियल एरिया तक पानी घुस गया, लोग घर छोड़ने पर मजबूर हैं और सड़कें नदियों में तब्दील हो चुकी हैं। युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने मौके पर पहुंचकर तीखा प्रहार किया कहा कि "यह सिर्फ प्राकृतिक आपदा नहीं बल्कि सरकार और प्रशासन की नाकामी का जीवंत सबूत है। करोड़ों की योजनाएँ, विकास के दावे और तटबंधों पर किए गए बड़े-बड़े वादे सब पानी में बह गए। यह सरकार सत्ता का सुख भोगने में व्यस्त है और जनता को बाढ़ और बेघरी के हवाले कर रही है।

## सिंचाई विभाग के साथ अन्य विभागों को अलर्ट मोड में रहने के आदेश



कुरुक्षेत्र। ग्रामीणों से बातचीत करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा व गांव दामली में मिट्टी और कट्टे लगाकर किया गया बंध।

- अब नरवाना ब्रांच व एसवाईएल के पास ग्रामीण क्षेत्रों को रहना होगा हाई अलर्ट

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि एसवाईएल, नरवाना ब्रांच और मारकंडा में लगातार बढ़ते हुए जलस्तर को देखते हुए प्रशासन की तरफ से सिंचाई विभाग के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही अब नरवाना ब्रांच के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी हाई अलर्ट रहने की अपील प्रशासन ने की है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा वीरवार को जल प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने उपरांत बातचीत कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने गांव कलसाना, मुगल माजरा, पालडा व तंगौर सहित अन्य जल प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। इन गांवों में लोगों से फीडबैक मिलने के उपरांत मौके पर ही उपायुक्त ने दूरभाष के माध्यम से अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने ग्रामीणों से बरसाती पानी के साथ-साथ अन्य दिनचार्य में आने वाली समस्याओं को लेकर बारीकी से बातचीत करते हुए कहा कि प्रशासन हर गांव के लोगों की समस्याओं की लगातार फीडबैक ले रहा है। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग की तरफ से जल प्रभावित गांवों में पशुओं के लिए चारा और दवाईयां लगातार भेज रहा है। इसके अलावा जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पीने के पानी की व्यवस्था कर रहे है और टयूबलों के सैम्पल भी ले रहे है, सिंचाई विभाग के अधिकारी लगातार नहरों की निगरानी करके लोगों को समय रहते सचेत कर रहे है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के तमाम पुख्ता इंतजाम किए गए है, कोई भी व्यक्ति प्रशासनिक कन्ट्रोल रूम में सूचना देकर सहायता प्राप्त कर सकता है।

### बीबीपुर झील के आस-पास ग्रामीणों को किया सचेत

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के कार्यकारी अभियंता नवतेज सिंह ने कहा कि मारकंडा नदी में ज्यादा पानी आने के कारण अब बीबीपुर झील में भी पानी पहुंच चुका है। इसलिए गांव दबखेड़ी, ज्योतिसर, बलाही, इंदबडी, गढी रोडान, गडी करान, रामपुरा, भौर सैंयदा, मुकिमपुरा, मुर्तजापुर, चनालहेडी, बीबीपुर कला, छैलों और टकोरन सहित अन्य गांवों के लोगों को सचेत रहने की अपील की गई है।

### दामली गांव में बंद किया मारकंडा का बंध

एक्सईएन मुनीष बब्बर ने कहा कि कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना मिली कि गांव दामली के पास मारकंडा में कुछ दरार आ गई है। इस सूचना के आधार पर सिंचाई विभाग ने तुरंत दामली के पास बंध को मिट्टी और कट्टे लगाकर मजबूत बना दिया है।

### जंदहेडी से बैंटेन नाले की तरफ किया पानी ने रुख

सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता मुनीष बब्बर ने कहा कि शाहबाद की तरफ से पानी जीटी रोड से मन्नत हवेली और फिर जंदहेडी से बैंटेन नाले की तरफ आ रहा है। इस पानी से कनीपला, कसेरला, सिरसला, खानपुर कोलिया, रतनडेरा, धीरपुर, रावल खेडी, मसाना, धंतौडी, बकाना के लोगों को सचेत रहने की अपील की गई है। बोर्ड के एससी अरविंद कुमार कौशिक ने सूचना मिलने पर आदेश दिए कि एसडीओ को तुरंत बैंटेन नाले पर तैनात किया जाए और पानी को डायर्वट किया जाए ताकि यह पानी शहर में ना आ सके।

## पानी में फंसे बाइक सवार की करंट लगने से दर्दनाक मौत

- सहयोगी बाल-बाल बचा

**साहा।** पहाड़ों पर बरसात बंद होने से अब बेगना नदी भी शांत दिखाई दे रही है। उधर बेगना नदी में अचानक आए पानी से अंबाला- यमुनानगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पानी भर गया। पानी हाईवे से होते हुए हमीरपुर गांव की गलियों में भी घुस गया। पानी भरने के चलते लोगों में हड़कंप मच गया। इसी दौरान केसरी स्टेशन का रहने वाला करण (उम्र 25 वर्ष) अपने एक दोस्त के साथ किसी काम से मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे। कालपी स्थित राजू ढाबे के पास पानी की तेज धारा में दोनों वाहन सहित फंस गए। पानी के साथ बहकर वे सड़क पर बने गड्ढे और वहां खड़े बिजली के पोल की चपेट में आ गए। इस दौरान करंट लगने से करण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका दोस्त बाल-बाल बच गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत मामले की सूचना पुलिस और प्रशासन को दी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पानी की निकासी और सुरक्षा इंतजाम किए जाते तो ऐसी दर्दनाक घटना टल सकता था।

**युवती को कनाडा भेजने के नाम पर हड़पे तीन लाख रुपये:** यमुनानगर। गांव रामखेड़ी निवासी पायल को विदेश भेजने के नाम पर तीन लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप उत्तर प्रदेश के गांव सोंधेबांस सोनभद्र निवासी योगेश व जिला कुरुक्षेत्र के थानेसर निवासी श्यामलाल पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।










## यमुना नदी के तेज बहाव में बहा युवक

**यमुनानगर।** गांव बेलगढ़ मंदिर के पास एक युवक एक सितंबर को यमुना नदी में आए तेज पानी के बहाव में बह गया। जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों द्वारा काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। परिजनों ने उसके लापता होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव बनियावाला निवासी दीन मोहम्मद ने प्रताप नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक सितंबर को दोपहर एक बजे उसका 19 वर्षीय लड़का सुफियान गांव बेलगढ़ मंदिर के पास किसी काम से गया था। इसके बाद यमुना नदी में बाढ़ का पानी तेज हो गया। जब उसका लड़का वहां से निकलने का प्रयास करने लगा तो वह पानी के तेज बहाव में बह गया। घर न लौटने पर उसने अपने बेटे की काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चला।

### ट्रक चालक की लापरवाही से भयानक हादसा दो की मौत

**अंबाला।** काकरू गांव के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। हादसा इतना दर्दनाक था कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए उन्हें अबाला शहर के ट्रॉमा सेंटर लाया गया। यहां डॉक्टरों ने उत्तर प्रदेश के झांसी निवासी दीपक व लालडू के अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। बलदेव नगर थाना पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बलदेव नगर पुलिस को दी तहरीर में लालडू मंडी के राजेश कुमार ने बताया कि वह प्राइवेट स्कूल में शिक्षक है। उसके मकान में उत्तर प्रदेश के झांसी निवासी दीपक दो माह से किरायेदार था। वह सेठी ढाबा डेराबस्सी में वेटर का काम करता था। दीपक अपने दोस्त लालडू के अभिषेक के साथ बाइक पर सवार होकर अंबाला किसी काम के लिए गया था।






# राज्य टीबी कार्यालय पंचकूला की टीम ने किया यमुनानगर का दौरा

■ पूर्व शिक्षा मंत्री व अतिरिक्त उपायुक्त से मिलकर टीबी के मरीजों को गोद लेने का मांगा सहयोग

■ प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कवर करना है मरीजों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

राज्य टीबी कार्यालय पंचकूला की टीम ने वीरवार को यमुनानगर का दौरा किया। टीम में ललिता गुर्जर व डिम्पल मौजूद रही। दौरे का मुख्य उद्देश्य जिले के टीबी के मरीजो को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कवर करना था। जिसके तहत टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरित किया जाता है।

इस संबंध में उप सिविल सर्जन टीबी डॉ. सचिन शर्मा, जिला व राज्य टीम के सदस्य निक्षय मित्र पहल के विस्तार के चल रहे प्रयासो के तहत पूर्व शिक्षा मंत्री कंवर पाल से मिले। इस दौरान उन्हें प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के बारे मे विस्तार से बताया तथा टीबी के मरीजों को शत प्रतिशत गोद लेने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सहयोग मांगा। इसके बाद टीम जिला उपायुक्त कार्यालय यमुना नगर में अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहुजा से मिलकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त को टीबी के मरीजों को गोद लेने व जिला यमुना नगर में बड़ी बड़ी औद्योगिक इंडस्ट्रीज को टीबी के मरीजो को गोद दिलवाने का आग्रह किया।



यमुनानगर। पूर्व शिक्षा मंत्री कंवर पाल से मुलाकात करती राज्य टीबी कार्यालय पंचकूला की टीम।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

टीम ने भारतीय चिकित्सा संगठन जिला यमुना नगर के अध्यक्ष डॉ. आर मसीह से मुलाकात की और सभी प्राइवेट डॉक्टरों से टीबी के मरीजों को गोद लेने और दिलवाने का आग्रह किया। जिस पर उन्होंने बताया कि भारतीय चिकित्सा संगठन जिला यमुना नगर के द्वारा 58 टीबी के मरीजों को गोद लेकर पोषण आहार वितिरित किया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ. मनजीत सिंह ने कहा कि यह कार्य निक्षय मित्र पहल के माध्यम से टीबी के रोगियो की व्यापक देखभाल सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

## खबर संक्षेप



यमुनानगर। जिला जेल में आयोजित लोक अदालत में मामलों की सुनवाई करते सीजेएम व अन्य।

### जिला जेल में लोक अदालत ने तीन में से दो केस निपटाए

**यमुनानगर।** जिला जेल में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित्रा कादियान ने की। लोक अदालत में तीन केस रखे गए जिसमें से दो केस का निपटारा किया गया। सीजेएम ने बताया कि यह लोक अदालत नियमित जेल लोक अदालत है जो हर महीने आयोजित की जाती है। सीजेएम ने जेल में कैदियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की भी जांच की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी बंदी या कैदी बिना किसी वकील के प्रतिनिधित्व के न रहें। उन्होंने कहा कि अगर कोई निजी वकील नहीं रख सकता है तो डीएलएसए उसे एक पैनल वकील या कानूनी सहायता बचाव वकील प्रदान करेगा।

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी से युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करके ले गया। जानकारी के अनुसार शहर की एक कालोनी निवासी महिला ने शहर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी 19 वर्षीय भांजी उसके घर पर आई हुई थी। एक सितंबर को वह किसी काम से घर से बाहर गई थी। इस दौरान उसकी भांजी घर पर अकेली थी। जब काम खत्म करके वह घर वापस लौटी तो उसे अपनी भांजी घर से गायब मिली। जांच के दौरान उसे मालूम हुआ कि उसकी भांजी को समीर नामक युवक शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# निगम ने अतिक्रमण करने पर 4 दुकानदारों के काटे चालान

## नगर निगम ने जगाधरी वर्कशॉप रोड पर चलाया विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान

दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि यदि अब सामान सड़क पर मिला तो जब्त कर लिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर निगम की टीम ने जगाधरी वर्कशॉप रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर अतिक्रमण करने पर चार दुकानदारों का चालान किया गया। इसके साथ ही दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि यदि अब सामान सड़क पर मिला तो जब्त किया जाएगा।

नगर निगम के स्पेशल ऑफिसर सेनिटेशन अनिल कुमार यादव ने कुछ दिन पहले रेलवे रोड, वर्कशॉप रोड व मीरा बाई बाजार के दुकानदारों के साथ बैठक कर अतिक्रमण न करने और खुले में गंदगी न डालने के प्रति समझाया था। साथ ही सड़क पर सामान रखने पर जब्त करने और चालान करने की चेतावनी दी गई थी। इसके बाद उन्होंने डोर टू डोर रेलवे रोड पर दुकानदारों को जागरूक भी किया था। इसके बाद निगम द्वारा अतिक्रमण करने वाले, प्रतिबंधित पॉलीथिन बेचने वाले और खुले में गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई करने के लिए तीन टीमें बनाई गई है। वार्ड एक से सात तक सीएसआई हरजीत सिंह, वार्ड आठ से 15 तक सीएसआई विनोद बेनीवाल और वार्ड 16 से 22 तक सीएसआई अनिल नैन को जिम्मेवारी दी गई है।



यमुनानगर। वर्कशॉप रोड पर अतिक्रमण करने पर दुकानदार का चालान करती निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

### भविष्य में भी जारी रहेगी कार्रवाई

स्पेशल ऑफिसर अनिल यादव ने कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ निगम की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत शहर को सुंदर, साफ व स्वच्छ बनाने के लिए निगम अनेक प्रयास कर रहा है। शहर में विशेष सफाई अभियान, अतिक्रमण हटाओ अभियान, सड़कों के डिवाइडर को सुंदर बनाने व हर नाले व नाली की सफाई करने का कार्य किया जा रहा है। आमजन से अपील है कि सभी हरियाणा सरकार द्वारा चलाए गए हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

### वसूला जुर्माना

तीनों टीमें अपने अपने क्षेत्र में कार्रवाई करेंगी और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखेंगी। इस दौरान सीएसआई विनोद बेनीवाल की टीम ने एसआई सुशील कुमार के नेतृत्व में वर्कशॉप रोड से अतिक्रमण हटवाया। निगम की टीम ने शहीद भगत सिंह चौक से बस स्टैंड तक वर्कशॉप रोड पर कार्रवाई की। निगम की टीम को देखकर कुछ दुकानदारों ने पहले ही अपना सामान उठाकर अंदर रख लिया। इस दौरान चार दुकानदारों का सामान सड़क तक फैला मिला। जिसमें दो फूड विक्रेता भी शामिल थे। निगम की टीम ने चारों का चालान किया और उनसे मौके पर ही जुर्माना राशि वसूली।

# चोरों ने सूने घर से चुराई नकदी व लाखों के गहने



■ घटना के समय बाहर गए थे परिवार के सदस्य

■ पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की शिवपुरी बी कॉलोनी में चोरों ने सूने घर के ताले तोड़कर 40 हजार रुपये की नकदी तथा लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए हुए थे। वापस लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की शिवपुरी बी कॉलोनी निवासी आशीष ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 31 अगस्त को दोपहर दो बजे घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गया था। दो सितंबर को शाम चार बजे जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। यह देखकर उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई। जांच करने पर घर से अलमारी में रखे 40 हजार रुपये, गले का सोने का हार, सात जोड़ी कानों की बालियां, सोने की दो अंगूठियां, 19 चांदी के सिक्के तथा अन्य सामान गायब मिला। उसने बताया कि चोरी हुए सामान की कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### दो ट्यूबवेल से चुराया हजारों रुपये का सामान

गांव हडौली निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उसका बूडिया क्षेत्र में खेत हैं। चोरों ने 31 अगस्त को उसके खेतों में लगे दो ट्यूबवेल से केवल तार, दो स्टार्टर, दो आईटी बॉक्स व अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 20 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# शिविर में 87 नगर निगम कर्मचारियों और अधिकारियों का जांचा स्वास्थ्य, दिया परार्मश

■ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एचबी, बीपी, शूगर, वजन, हाईट आदि की जांच की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत शहीद भगत सिंह चौक स्थित नगर निगम कार्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सिविल अस्पताल यमुनानगर से आई चिकित्सकों की टीम ने 87 कर्मचारियों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की और उन्हें परामर्श दिए।

शुक्रवार को जगाधरी स्थित नगर निगम कार्यालयों में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे। जिसमें सभी निगम अधिकारियों व कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निगम व सफाई कर्मचारियों का एचबी, बीपी, शूगर, वजन, हाईट आदि की जांच की। जिस भी कर्मचारी को दिक्कत पाई गई उन्हें सिविल अस्पताल में उपचार कराने की सलाह दी गई ताकि कर्मचारियों की अच्छी से जांच हो सके।

शिविर में मेडिकल ऑफिसर डॉ. गुंजन विशिष्ट, डॉ. अंकुश बग्गा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. भरत शर्मा व स्टाफ नर्स रजनी ने कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांचा। इस दौरान स्वास्थ्य टीम ने कर्मचारियों को नियमित व्यायाम, सैर व योग करने की भी सलाह दी। विशेष अधिकारी अनिल कुमार यादव ने कहा कि हर कर्मचारी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जिन अधिकारियों व कर्मचारियों का वजन बढ़ा हुआ है उसे कम करें। यदि शरीर स्वस्थ होगा तो हम अपना काम भी सही तरीके से कर सकेंगे।



यमुनानगर। नगर निगम कार्यालय में आयोजित शिविर में निगम कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# साफ-सफाई और स्ट्रीट लाइट की दुरूस्त व्यवस्था को लेकर व्हाटसअप नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

नगरपालिका रादौर की ओर से स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, डोर टू डोर कूड़ा उठान व अन्य समस्याओं के समाधान हेतू व्हाट्सएप नंबर 9138403646 जारी किया गया है। जिसके माध्यम से शहर के लोग अपने आसपास आ रही समस्याओं को लेकर शिकायत दर्ज करवा सकते है।



जानकारी देते नपा चेयरमैन रजनीश मेहता शालु।

नपा चेयरमैन रजनीश मेहता शालु ने बताया कि स्थानीय लोगों को अपनी साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, डोर टू डोर व अन्य समस्याओं के लिए नगरपालिका कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे। लेकिन अब नगरपालिका द्वारा जारी किया गया वाटसअप नंबर पर समस्या से संबंधित फोटो डालकर समस्या का समाधान करवा सकते हैं। इस नंबर से अधिकारी व कर्मचारी जुड़े हुए हैं। जिससे समस्या का तुरंत प्रभाव से समाधान किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि सभी साफ-सफाई में अपना सहयोग अवश्य दें। जिससे शहर को स्वच्छ बनाया जा सके।

# गूगल एआई एसेंशियल्स पर कैरियर मार्गदर्शन सत्र का हुआ आयोजन

■ विद्यार्थियों को 200 छात्रवृत्तियाँ उपलब्ध करवाई



यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित सत्र के दौरान संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज में वीरवार को वाणिज्य विभाग, संगणक विज्ञान विभाग एवं प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा गूगल एआई एसेंशियल्स पर कैरियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य बीकॉम, बीसीए तथा भौतिक एवं जीवन विज्ञान के स्नातक विद्यार्थियों को गूगल एआई एसेंशियल्स एवं ऑनलाइन शिक्षण मंच कौरसेरा जैसे पाठ्यक्रमों में नामांकन करने तथा उन्हें प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए मार्गदर्शन देना था। जिससे विद्यार्थी आधुनिक प्रौद्योगिकी में अपने कौशल को और अधिक निखार सकें।जीएनके समूह संस्थानों ने डेटा लीड्स के सहयोग से गूगल एआई एसेंशियल्स पाठ्यक्रम हेतु विद्यार्थियों को 200 छात्रवृत्तियाँ उपलब्ध करवाई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अरविंद्र सिंह भल्ला ने कहा कि आज के समय में डिजिटल मंचों द्वारा प्रदान किए जा रहे अवसरों का लाभ उठाना चाहिए और उज्ज्वल भविष्य के लिए कौशल विकास पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

सत्र के संसाधन व्यक्ति जीएनके समूह के उप-विपणन प्रबंधक रजत आहुजा ने गूगल एआई एसेंशियल्स पाठ्यक्रम के बारे में उपयोगी जानकारी दी और विद्यार्थियों को कौरसेरा जैसे मंचों पर नामांकन की प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्राप्त करने के लिए ऐसे प्रमाणपत्रों को सक्रिय रूप से अपनाने हेतु प्रेरित किया। प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ के प्रमुख डॉ.राजिंदर सिंह वोहरा, संगणक विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ.किरणपाल सिंह वीरक व वाणिज्य विभाग की प्रमुख डॉ.जसविंदर कौर ने सभी का आभार जताया।

**ये रहे मौजूद:** इस मौके पर संकाय सदस्य डॉ.अशोक खुराना, जितेंद्र पराशर, जसप्रीत सिंह, निशि, भावना तथा जसमीन कौर आदि मौजूद थे।

## कलेसर बंजारा बांस में यमुना के तट पर अधिक पानी आने के कारण स्टड हुआ क्षतिग्रस्त

# डीसी और एसपी ने भूमि कटाव को लेकर किया दौरा

■ लोगों से बातचीत मरम्मत के कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने यमुना नदी के किनारे हो रहे भूमि कटाव को लेकर अधिकारियों के साथ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान डीसी और पुलिस अधीक्षक हथनीकुंड बैराज, कलेसर, बंजारा बांस, लाकड़मय प्रतापपुर, नवाजपुर, माली माजरा गांव में पहुंचे। जहां उन्होंने लोगों से बातचीत कर अधिकारियों को भूमि कटाव व बाढ़ राहत बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने बताया कि गांव कलेसर बंजारा बांस में यमुना नदी के तट पर अधिक पानी आने के कारण स्टड क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसकी मरम्मत का कार्य सिंचाई विभाग द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यमुना नदी के पानी से हो रहे भूमि कटाव के बचाव के लिए उचित प्रबंध किए जाए। साथ ही भूमि कटाव को रोकने के लिए मिट्टी के कट्टे लगाकर पानी की रोकथाम करें ताकि भूमि कटाव न हो। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह यमुना नदी व नहरों व अन्य नदियों के किनारे पर न जाएं और अपना बचाव करें। उपायुक्त ने लोगों को आश्वासन दिया कि वह भयभीत न हो। लोगों की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ बचाव को लेकर 24 घंटे कार्य किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि आप लोग इन सभी कार्यों में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि बरसात से जिन किसानों की भूमि और फसल क्षतिग्रस्त हुई है वह उसकी जानकारी क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 10 सितंबर तक अवश्य अपलोड करवाएं ताकि उनके नुकसान का उचित मुआवजा सरकार द्वारा दिया जा सके। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि भारी बारिश के चलते जिला में विशेष पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक व्यवस्था पर पुलिस की नजर है, काई दिक्कत नहीं है। इस अवसर पर छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विजय गर्ग, बीडीपीओ छछरौली कार्तिक चौहान, नायब तहसीलदार आनंद रावल आदि मौजूद थे।



यमुनानगर। भूमि कटाव को लेकर गांवों को दौरा करते जिला उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक। फोटो : हरिभूमि

# गाय के गोबर का इस्तेमाल बढ़ाओ पर्यावरण और गोमाता को बचाओ



यमुनानगर की उत्थान संस्था का विजिट करती सीजेएम व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सीजेएम सुमित्रा केडियन ने वीरवार को उत्थान संस्थान की कोशिश इकाई में विजिट किया। जिसमें उन्होंने गाय के गोबर से दीये बनाने वाली मशीन का शुभारंभ किया। संस्थान की निदेशिका डॉ.अंजु बाजपेयी ने सीजेएम का स्वागत करते हुए बताया कि गाय के गोबर से बने दीपक पर्यावरण के लिए बेहद लाभकारी होते हैं। क्योंकि ये प्राकृतिक होते हैं और कचरे की समस्या कम होती है। साथ ही इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है। इनका धार्मिक महत्व भी है, क्योंकि गोबर को पवित्र माना जाता है।

सीजेएम सुमित्रा केडियन ने सभी बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को देखकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को सबसे ज्यादा जरूरत अपनेपन की होती है। दिव्यांग बच्चे हर क्षेत्र मे काफी माहिर होते हैं और दिमाग से तेज होते हैं। जरूरत है उनके अन्दर छुपी हुई प्रतिभा को पहचान कर उन्हें सही दिशा देने की। शिक्षाविद डॉ.पीके बाजपेयी ने बताया कि हमारी संस्था पिछले कई दशकों से इन बच्चों के लिए कार्य कर रही है। अब तक 50 से अधिक बच्चे यहां से शिक्षा प्राप्त कर अपने पैरों पर खड़े होकर अपने माता पिता का नाम रोशन कर चुके हैं। इनमें से कई बच्चे खेल की दुनिया में अपना नाम कमा रहे हैं।

सीजेएम सुमित्रा केडियन ने संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को साथ लेकर चलना समाज के हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं की बच्चों द्वारा की जा रही इस मेहनत को नए आयाम हासिल हों।

## जलभराव में प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी अलर्ट मोड पर

# नैसी में टूटे मारकंडा तट के पानी को आबादी में पहुंचने से रोका

**उपायुक्त ने नैसी बांध का निरीक्षण कर लोगों की समस्याएं सुनीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कल रात नैसी में टूटे मारकंडा तट को प्रशासन द्वारा कवर कर लिया गया है, साथ ही आबादी में भी पानी नहीं पहुंचने दिया है। आबादी से बाहर पानी कम होने तक नागरिकों को सचेत रहने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी अलर्ट मोड पर रहेंगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा वीरवार को नैसी बांध पर निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने वहां की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया और व्यवस्थाओं का जांचा और साथ ही वहां पर मौजूद नागरिकों से बातचीत कर समस्याएं जानी और ग्रामीणों से घरों में रहते हुए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुलाना में बुधवार को 54 हजार क्यूसिक पानी की मात्रा दर्ज की गई थी, जो आज 34 हजार क्यूसिक रह गई है। अब धीरे-धीरे जलस्तर कम हो रहा है, यदि आने वाले दो दिनों में बरसात नहीं होती है तो जलस्तर और भी कम होगा।



कुरुक्षेत्र। मौके पर मौजूद उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।



कुरुक्षेत्र। नैसी में टूटे मारकंडा तट के पानी को बांध बनाकर बंद करते कर्मचारी।

### सामुदायिक केंद्रों, मंदिरों और धर्मशालाओं में ठहरने की व्यवस्था

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रशासन द्वारा गांवों में सामुदायिक केंद्रों, धर्मशालाओं, मंदिरों में ठहरने के प्रबंध किए हैं। इस मौके पर एसडीएम अभिनव सिवाच सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### प्रशासन का करें सहयोग

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की सभी टीमें अपनी-अपनी जिम्मेदारी को मुस्तैदी से निभा रही है। रोजाना निर्धारित समय अवधि पर विस्तृत रिपोर्ट हेड क्वार्टर पर भेजी जा रही है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि प्रशासन का सहयोग करे। उन्होंने कहा कि जलभराव की स्थिति में ग्रामीण एक-दूसरे का सहयोग करें। यदि किसी परिवार में कोई जरुरत दिखे तो उसको सहयोग से पूरा करें और जिस परिवार की छत की कच्ची हो या कड़ियों की बनी हो और नाजुक स्थिति में हो तो उसे आस-पड़ोस में शिफ्ट करें।

## सरस्वती नदी के आस-पास के क्षेत्र में २४ घंटे ड्यूटी पर रहेंगे अधिकारी

- पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने पिपली, खेड़ी मारकंडा, दबखेड़ी, नरवाना ब्रांच, मोहन नगर सहित अन्य क्षेत्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र।

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि पिपली से लेकर ज्योतिसर तक सरस्वती नदी, दबखेडी, नरवाना ब्रांच के आस-पास लगते शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकारी और कर्मचारी 24 घंटे डयूटी देंगे और बकायदा निगरानी रखेंगे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा वीरवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सर्किट हाउस में बरसाती पानी से शहर को बचाने के विषय को लेकर एसडीएम शाश्वत सांगवान, डीएमसी अमन कुमार सहित नगर परिषद और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से बातचीत की और सीएम के आदेशों के बारे में जानकारी भी दी।



कुरुक्षेत्र। अधिकारियों से बातचीत करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

### लोगों की समस्याएं सुनीं

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सहित तमाम अधिकारियों ने सबसे पहले पिपली सरस्वती स्थल, खेडी मारकंडा, मोहन नगर, दबखेडी सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अधिकारी पल पल की जानकारी सरकार और प्रशासन को सौंपना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही प्रशासनिक अधिकारी और सरकार लोगों की सेवा के लिए तत्पर है, किसी भी व्यक्ति को दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।



## लिटल मिलेनियम में मनाया शिक्षक दिवस

कुरुक्षेत्र। लिटल मिलेनियम सेक्टर 3 स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रों एवं मेघा द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन का कार्य प्रिंसिपल सुनीता अरोड़ा एवं सबसे छोटी अध्यापिका दलजीत द्वारा किया गया। छात्रों ने शुक्रिया, थैंक यू टीचर जैसे मनमोहक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं शिक्षकों को सम्मान स्वरूप बुके और कार्ड भेंट किए गए। विद्यार्थियों ने भारत के द्वितीय राष्ट्रपति एवं महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन पर कविताएँ प्रस्तुत कर उनके जीवन एवं शिक्षण के महत्व को उजागर किया। इस अवसर पर डायरेक्टर चेष्टा सलूजा, एम.डी. परमिंदर सिंह बाठ, प्रिंसिपल सुनीता अरोड़ा, चीफ लर्निंग ऑफिसर ज्योति खनेजा, पीआरओ पूजा सैनी सहित सभी अध्यापक व अभिभावक उपस्थित रहे। एडमिन टीम ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षक ही वह स्तंभ हैं, जिन पर उज्ज्वल भविष्य की इमारत खड़ी होती है।



## समाधान शिविर में 30 शिकायतों का निपटारा

कुरुक्षेत्र। उपमंडल अधिकारी नागरिक शाश्वत सांगवान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के आदेशानुसार प्रशासन की तरफ से प्रत्येक सप्ताह के कार्य दिवस में सोमवार व वीरवार को लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक किया जा रहा है। अहम पहलू यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविरों की रिपोर्ट ले रहे है। उपमंडल अधिकारी नागरिक शाश्वत सांगवान वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में लोगों की समस्या का समाधान करने उपरांत बोल रहे थे। इससे पहले एसडीएम शाश्वत सांगवान ने क्रिड व अन्य विभागों से सम्बन्धित 50 समस्याओं को सुना और इनमें से 30 समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया और शेष समस्याओं का समाधान करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### खबर संक्षेप



#### सेवा ट्रस्ट यूके ने लगाया जूस का लंगर

कुरुक्षेत्र। श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा द्वारा वामन द्वादशी के शुभ अवसर पर भगवान विष्णु के अवतार वामन भगवान की शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा श्री वामन भगवान जी की शोभा यात्रा के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में डाबर रियल जूस के विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल द्वारा की गई।

#### कुवि ने घोषित किए 18 परीक्षाओं के परिणाम

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 18 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि मई 2025 में आयोजित एम.एस.सी. (रसायन विज्ञान) चतुर्थ सेमेस्टर (आईयूएमएस और गैर-सीबीसीएस), एमबीए द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) गैर-सीबीसीएस, एमबीए द्वितीय सेमेस्टर (सीबीसीएस (रि-अपीयर), आपदा प्रबंधन में डिप्लोमा, एमएससी (गृह विज्ञान) द्वितीय सेमेस्टर आदि परिक्षाओं के परिणाम घोषित किए है।

## स्टूडेंट एज टीचर स्पर्धा में वंशिका प्रथम

**नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस**

- विद्यार्थियों नें शिक्षकों को हाथों से बनाए हुए पुष्प एवं कार्ड भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में शिक्षक दिवस के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपनी कक्षाओं को सजाया तथा शिक्षकों को तिलक लगाकर उनका सम्मान किया तथा अपने हाथों से बनाए हुए पुष्प एवं कार्ड भेंट किए। विद्यालय में कक्षा द्वादश के विद्यार्थियों के लिए स्टूडेंट एज टीचर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रुचि के अनुसार विषय लेकर उसे कक्षा षष्ठम से अष्टम में जाकर पढ़ाया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में वंशिका,वंशिका गिरधर तथा मुस्कान, खुशी ने क्रमशःप्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान एवं कोमल ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। फोटो परिचय



### गुरुओं का जताया आभार

*विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा ने बताया कि 5 सितंबर का दिन किसी परिचय का मोहताज नहीं है ।हर साल इस दिन शिक्षक दिवस मनाया जाता है. जीवन में शिक्षक ही व्यक्ति को सफलता के शिखर तक पहुंचाता है। एक शिक्षक ही आशीर्वाद से ही हम अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर बढ़ते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि शिक्षक दिवस पर छात्र अपने गुरुओं और टीचर्स को सम्मान देकर उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं।*

### उद्यमिता पखवाड़ा में विभिन्न गतिविधियों का किया आयोजन



कुरुक्षेत्र। राजकीय महिला महाविद्यालय, पलवल में आयोजित उद्यमिता पखवाड़ा के दौरान कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. गगनदीप कौर के निर्देशन में उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देना और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित विस्तार व्याख्यान में युवाओं को उद्यमिता के महत्व और इसके विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई।

## बाढ़ से फसलों को भारी नुकसान सरकार की व्यवस्था फेल : चौटाला

- पंजाब के लोगों की मदद करने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि साल 2023 के बाद हरियाणा में बाढ़ और भारी बरसात के कारण किसानों की लाखों एकड़ फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की विफलता के कारण आज प्रदेशभर में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सरकार की ओर से पंपिग की व्यवस्था समय रहते हुए नहीं की गई और न ही लगे हुए पंपों को दुरुस्त किया गया। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री को तुरंत पानी निकासी की व्यवस्था को संभालना चाहिए और किसानों को तुरंत मुआवजा मिलना चाहिए। वीरवार को दुष्यंत चौटाला कुरुक्षेत्र जिले में मारकंडा नदी के साथ लगते बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में ट्रेक्टर लेकर पहुंचे और पीड़ित किसानों से मिले। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार ने बाढ़ और बरसात से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने में देरी कर रही है, जो कि सरकार की कमी है। उन्होंने कहा कि जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी पार्टी कार्यकर्ताओं से पंजाब के लोगों की मदद करने का आह्वान किया है।



कुरुक्षेत्र। जल से प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

## मुख्यमंत्री के ओएसडी से मिला अंबेडकर भवन का प्रतिनिधिमंडल

कुरुक्षेत्र। अंबेडकर भवन के प्रधान एवं पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ रामभगत लांगायन की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती से चंडीगढ़ में मुलाकात कर उन्हें भवन के लिए लड़कियों हेतु छात्रावास बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में अंबेडकर भवन के उप प्रधान एसपी सरोहा, महासचिव लख्मी चंद, सहसचिव श्यामलाल, कोषाध्यक्ष रामकुमार खरकाली, कार्यकारिणी सदस्य केसी रंगा, जिले सिंह सभ्रवाल तथा बाल कल्याण समिति के सदस्य हरि सिंह व अन्य सदस्य शामिल थे। डॉक्टर रामभगत लांगायन की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी भारत भूषण भारती को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश सरकार से मांग की गई है कि भवन के लिए लड़कियों के लिए छात्रावास बनाने के लिए जगह अलॉट की जाए। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्तमान में जहां पर डॉक्टर अंबेडकर भवन में छात्रावास चल रहा है। इस छात्रावास में लडके और लड़कियों के लिए संयुक्त रूप से व्यवस्था की गई है, लेकिन भवन की कार्यकारिणी चाहती है की लड़कियों के लिए अलग से छात्रावास बनाया जाए, ताकि लड़कियों को कोई समस्या ना आए।



## राष्ट्र उत्थान के लिए शिक्षकों का सम्मान अति आवश्यक : कौर

**हिंद संग्राम परिषद ने किया 50 विद्यालय मुखिया को सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शिक्षक राष्ट्र का निमार्ता है और शिक्षक का सम्मान राष्ट्र के उत्थान के लिए अति आवश्यक है। यह शब्द जिला परिषद कुरुक्षेत्र की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने हिंद संग्राम परिषद हरियाणा द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों द्वारा सिखाया पाठ शिष्य के मानसिक पटल पर उम्र पर्यन्त रहता है। शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को जीवित रखना बहुत जरूरी है अन्यथा आने वाली पीढ़ियां रास्ते से भटक जाएंगी। अतिथियों का स्वागत करते हुए हिंद संग्राम परिषद के प्रदेश अध्यक्ष दलबीर मलिक ने कहा कि आज शिक्षा, संस्कार और संस्कृति को बचाने की अति आवश्यकता है। धर्मवीर मंढान ने कहा कि इस दौरान हिंद संग्राम परिषद हरियाणा ने लगभग 50 प्राचार्य एवं मुख्य अध्यापकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रमेश कुमार प्राचार्य बाबैन, रामराज कौशिक, प्राचार्य भजन सिंह राठौर, अनिल मदान, कश्मीर टाया, हरजोत कौर, राजीव चावला, विपिन शर्मा, राकेश गेरा, परमिंदर सिंह बाठ, राकेश सपरा, स्वीटी कौशिक, नरेश कौशिक, अनिल कपूर, पवन मित्तल, परमजीत सिंह, प्यारे लाल, सरपंच बलदेव सिंह सैनी, जसबीर सैनी, सपना कपिल आदि मौजूद रहे।

## गीता कन्या विद्यालय में मनाया शिक्षक दिवस

कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा व हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अमीन रोड कुरूक्षेत्र में शिक्षक दिवस बड़े हर्ष और सम्मान के साथ मनाया गया। यह दिवस प्रतिवर्ष भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णनजी की जयंती पर मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने भाषण, गीत और कविता द्वारा अपने शिक्षकों के प्रति प्रेम और आभार व्यक्त किया। कक्षा अष्टम की छात्रा नंदिनी, कक्षा सप्तम की छात्रा दिशा ने कविता एवं कक्षा अष्टम की छात्रा पल्लवी ने भाषण प्रस्तुत कर शिक्षक दिवस के महत्व को बताया। प्रधानाचार्या श्रीमती सुमन बाला ने इस अवसर पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वास्तव में शिक्षक दिवस मनाने का महत्त्व तभी है जब प्रत्येक शिक्षार्थी अपने शिक्षक का सम्मान करें एवं उनके आदर्शों का अनुसरण करे। सभी ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा व डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि श्रीमती अंजलि शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी एवं प्राचार्या सुमन बाला ने सभी अध्यापिकाओं को शिक्षक दिवस की बधाई दी।



**कार्यक्रम** शोभायात्रा को स्वामी ज्ञानानंद, सुभाष सुधा व तुषार सैनी ने दिखाई हरी झंडी

# आकर्षक झांकियों के साथ पालकी पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले वामन भगवान

**सनातन परंपरा में वामन अवतार परंपरा का विशेष स्थान: स्वामी ज्ञानानंद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बैंड बाजों व मनमोहक झांकियों के साथ वामन भगवान ने पालकी में सवार हो कर नगर का भ्रमण किया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद तथा महंत बंसीपुरी 1के सानिध्य में पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा तथा मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी ने हरी झंडी दिखाकर दुःख भंजन मंदिर से यात्रा को रवाना किया। इससे पहले वामन भगवान की पूजा की गई और पालकी को संत और सुभाष सुधा कंधों पर उठाकर मंदिर के मुख्य द्वार तक लाए, जहां बैंड बाजों के साथ शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ।



कुरुक्षेत्र। शोभायात्रा में मौजूद गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व अन्य।

### वामन अवतार का किया वर्णन

दुख भंजन मंदिर के सभागार में गीता मनीषी स्वामी ज्ञाननंद महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि सनातन परंपरा में अवतार परंपरा का विशेष स्थान है। जब जब भी सनातन परंपराएं लुप्त होने लगती है भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर इन परंपराओं को दोबारा से स्थापित करते हैं। उन्होंने कहा भगवान विष्णु ने पहली बार मानव के रूप में वामन का अवतार लिया वामन भगवान ने राजा बलि का अहंकार दूर किया। इस अवसर पर श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोंद्धार सभा के प्रधान यशेंद्र शर्मा, संरक्षक केके कौशिक, आयोजन समिति के संयोजक जयनारायण शर्मा, रामराज कौशिक, विश्वकांत शर्मा, श्याम सुंदर तिवारी, अखिल भारतीय सारस्वत ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा निंदी, कुलदीप शर्मा गोल्डी, श्याम सुंदर तिवारी आदि मौजूद रहे।



## परिवारजनों के साथ खड़ी सरकार : सैनी

पिहोवा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मीडिया कोर्डिनेटर तुषार सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी हरियाणा में आई बाढ़ जैसी स्थिति के हर पहलू पर अपनी नजर बनाए हुए हैं तथा जलभराव से प्रभावित लोगों के परिवारों के साथ हर समय खड़े हैं। मीडिया कोर्डिनेटर तुषार सैनी ने बुधवार देर रात्रि गांव नैसी में मारकंडा बांध टूटने उपरांत गांव का दौरा किया तथा लोगों से बातचीत की। मीडिया कोर्डिनेटर तुषार सैनी ने कहा कि जलभराव क्षेत्रों में लोगों को घबराने व चिंता करने की जरूरत नहीं है। इस आपदा की घड़ी में सरकार 24 घंटे लोगों की सहायता और सेवा करने के लिए तत्पर है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार इस स्थिति से निपटने के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए इस आपदा के समय में लोगों को बहुत अधिक जरूरत के समय ही घर से बाहर निकलना चाहिए अन्यथा जलभराव से प्रभावित क्षेत्र के लोगों को अपने घर पर ही रहना चाहिए। अहम पहलू यह है कि जल प्रभावित क्षेत्रों के लिए लोगों की सहुलियत हेतु पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

## अध्यापकों को शिक्षक की नई-नई विधियों से करवाया अवगत

कुरुक्षेत्र। जिले के कक्षा छठी से आठवीं तक पंजाबी भाषा को पढ़ाने वाले अध्यापकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पलवल में चल रहा है। जानकारी देते हुए कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर रेखा रानी ने बताया कि एससीईआरटी गुड़गांव द्वारा यह प्रशिक्षण लगभग 18 वर्षों बाद आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से पंजाबी भाषा पढाने वाले अध्यापकों में विशेष उत्साह है और जिले के सभी टीजीटी अध्यापक इस प्रशिक्षण को बड़े तन्मयता और लगन के साथ भाग लेकर पंजाबी भाषा की शिक्षण की नई-नई गतिविधियों को सीख रहे हैं। जानकारी देते हुए इस प्रशिक्षण के प्रशिक्षक नारायण सिंह, हरप्रीत सिंह व जसबीर कौर अध्यापकों को शिक्षक की नई-नई विधियों से अवगत करा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### नशीली दवाई रखने का आरोपी पुलिस रिमांड पर

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 में सत्संग भवन के पास से नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी जोगिंद्र कुमार उर्फ मास्टर को 552 नशीले कैप्सूल्ज सहित गिरफ्तार किया है। अब उसे 2 दिन के रिमांड पर लिया है। एएनसी के निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि 3 सितंबर 2025 को सूचना मिली थी कि आरोपी नशीले कैप्सूल की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपी को काबू करने के लिए सौंडा रोड सत्संग भवन के पास से नाकाबंदी कर उसे काबू कर लिया।

### 320 ई-सिगरेट सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी के एसडी कॉलेज के पास से सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अरसद को नशे में प्रयोग की जाने वाली ई सिगरेट सहित काबू किया है। एएनसी इंचार्ज निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि आरोपी नशे में प्रयोग होने वाली ई सिगरेट बेचने का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने एसडी कॉलेज के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर उससे ई सिगरेट जब्त की। उसके खिलाफ केस भी दर्ज किया गया है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी अजय उर्फ रवि को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त एक आरोपी को पहले गिरफ्तार किया गया है। नाहरा गांव के अमनदीप सिंह शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14/15 सितंबर 2023 की रात्रि आरोपी ने रेलवे रोड पर स्थित उसकी दुकान से नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने एक अन्य आरोपी रोहित कुमार उर्फ लाला को गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्त एक आरोपी को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। शाहपुर के हरविंद्र सिंह ने 29 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28/29 जुलाई 2025 को आरोपी ने गांव शाहपुर में स्थित घर के बाहर से उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### दुकान से मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी सतविंद्र सिंह उर्फ सत्ता को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक ज्ञान चंद ने बताया कि गांव फिरोजपुर के अमित कुमार ने 20 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि कालाअंब स्थित उसकी दुकान से आरोपी ने मोबाइल चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला किया था।

### रोडवेज बस की टक्कर से युवक घायल

**जींद।** गोहाना रोड पर निडाना गांव के पास एक युवक को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जुलाना पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। निडाना निवासी 32 वर्षीय अरूण कुमार ने पुलिस को शिकायत दी है।

---

### हाइवे पर पानी भरने के कारण वाहनों की रफ्तार रुकी

# बरसात से राहत, नदियां भी शांत ज्यादातर कॉलोनियां पानी में डूबी

*निकासी के पर्याप्त बंदोबस्त न होने से कांग्रेस विधायक ने सरकार व प्रशासन पर किया हमला*

- भाजपा के पूर्व विधायक भी मैदान में उतरे, जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी निकासी के निर्देश
- फील्ड में उतरे डीसी, अफसरों के साथ सभी बरसाती नदियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

वीरवार को बरसात से राहत रही। हालांकि शाम को बादलों की गड़गडाहट ने एक बार फिर लोगों के दिलों की धड़कन बढ़ा दी। नदियों का पानी धीरे-धीरे उतर रहा है। पर अभी भी ट्विन सिटी की कई कॉलोनियां पानी में डूबी हुई हैं। खासकर अंबाला के छावनी टांगरी पार एरिया में अंबाला-यमुनानगर नेशनल हाइवे अभी भी पानी में डूबा है। हाइवे की दोनों लेन पर वाहन कछुए की रफ्तार से रेंगकर निकल रहे हैं। पानी ज्यादा होने के कारण ज्यादातर दोपहिया व चार पहिया वाहन चालकों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ ऐसी ही स्थिति साहा चौक पर भी दिखी। यहां हाइवे पर दो फुट पानी भरा हुआ है। हालांकि पानी में फंसे वाहनों को निकालने में कुछ ग्रामीण ट्रेक्टर के जरिए निशुल्क सेवा करने में जुटे हैं।


**अंबाला।** बरसात से हुए जलभराव का जायजा लेते डीसी व अन्य अधिकारी।

#### उपायुक्त भी पानी में उतरे

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने वीरवार को जलभराव के दृष्टिगत अंबाला शहर व अंबाला छावनी के कई क्षेत्रों का दौरा किया। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र लाठर, एडीसी महिंद्र पाल, एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार, एसडीएम छावनी विनेश कुमार, डीआरओ राजेश ख्यालिया, एएमसी दीपक सूरा भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि दो दिनों से वर्षा के चलते व पहाड़ी क्षेत्रों से पानी आने के कारण टांगरी नदी, घग्गर नदी व मारकंडा नदी का जल स्तर बढ गया था। रात को 10 बजे के करीब टांगरी नदी का जल स्तर 43 हजार क्यूसिक हो गया था। यह काफी ज्यादा था। इसके चलते टांगरी नदी का पानी ओवरफ्लो होकर निचले क्षेत्रों व इंडस्ट्रियल एरिया में आ गया। इंडस्ट्रियल एरिया में अभी भी 6 से 8 फुट पानी खड़ा है। रिहायशी बस्तियों में भी जलभराव की स्थिति है। पंचकूला व मोरनी में बारिश न होने के कारण टांगरी नदी का जल स्तर कम हुआ है। शाम तक जल स्तर और कम होने की संभावना हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इंडस्ट्रियल एरिया में रहने वाली लेबर को रेस्क्यू किया गया है। यहां पंप लगाकर भी पानी निकालने का काम किया जा रहा है। उपायुक्त ने यह भी बताया कि घग्गर नदी का जलस्तर भी रात को बढ गया था जिसके चलते कुछ निचले क्षेत्रों में पानी आ गया था।


**शहजादपुर।** बरसाती पानी का जायजा लेते पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी।

#### पानी के बहाव का लिया जायजा

- शहजादपुर-भूड़ माजरी मार्ग पर पाइप के जरिए हो रही निकासी की स्थिति देखी

*शहजादपुर। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने वीरवार को शहजादपुर क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां से गुजरने वाली बरसाती अमर नदी में पानी के बहाव तथा शहजादपुर-भूड़ माजरी मार्ग पर पाइप के जरिए हो रही निकासी की स्थिति देखी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि नदी पर बड़ी पुलिया (कॉज-वे) बन जाए तो आवाजाही और पानी की निकासी और अधिक सुगम हो जाएगी। सैनी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसाती अमरी नदी की सफाई करवाई जाए तथा पुलिया (कॉज-वे) निर्माण हेतु शीघ्र एस्टीमेट तैयार कर भेजा जाए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से लगातार क्षेत्र की स्थिति पर नजर रखी जा रही है और जहां भी समस्या सामने आई वहां अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के लिए कहा गया। हर स्थिति से निपटने के लिए सैनी ने एनएचएआई अधिकारियों से भी चर्चा की। इस मौके पर मंडल प्रधान विक्रम राणा भी उनके साथ मौजूद रहे।*


**मुलाना।** जलभराव का जायजा लेती पूर्व विधायक व ग्रामीणों से बातचीत करते हुए।

## पूर्व विधायक फील्ड में, अफसरों को दिए पानी निकासी के निर्देश

- बरसाती पानी की निकासी के लिए बेहतर कार्य किए जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान ने भी वीरवार को विधानसभा क्षेत्र के तहत कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बरसाती पानी की निकासी के लिए अधिकारियों को समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सारवान ने कहा कि भारी वर्षा के चलते व पहाड़ी क्षेत्र से वर्षा का ज्यादा पानी आने के कारण मारकंडा नदी के साथ-साथ अन्य नदियों के जल स्तर में बढ़ गया था जिसके कारण बरसाती पानी खेतों के साथ-साथ निचले क्षेत्रों में चला गया है। उपमंडल के अधिकारियों द्वारा बरसाती पानी की निकासी के लिए बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक गांव धनौरा में दर्शन रामपाल के घर भी गई। यहां बता दें कि बीते कल छत गिरने से दर्शन रामपाल की करीब 40 भेडों की जान चली गई थी। उन्होंने दर्शन रामपाल के परिवार को आश्वस्त किया कि वह इस बारे मुख्यमंत्री से आग्रह करके जो भी नियमानुसार मुआवजा मिल सकता है। उसे दिलवाने का काम करेंगे। इसी प्रकार उन्होंने गांव ब्राहमण माजरा के नजदीक हाईवे पर जल भराव की स्थिति का जायजा लिया। वहां पर डिवाइडर को खुलवाकर पानी को निकलवाने का रास्ता बनाया। इसी प्रकार उन्होंने बराडा व मुलाना के अन्य क्षेत्रों में भी जाकर जल भराव की स्थिति का जायजा लिया। र बंद पड़ी पुलियों को नालों को खोलने बारे भी अधिकारियों को कहा ताकि बराड़ा शहर व अन्य स्थानों पर पानी न घुस सके।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर तहसीलदार अंकित बैनिवाल, डीएसपी सुरेश, कृष्ण राणा, रोहताश राणा, महामंत्री कर्मचंद गोल्डी सैनी, हरजिंद्र सिंह, नपा सदस्य परवेश मेहंदीरत्ता, मनोनीत सदस्य जग्गी, सदस्य संदीप शंभू, संदीप कोहरा, मोनिका कालडा, अजयकांत शर्मा, पवन गुप्ता, विशाल सिंगला, नवदीप शर्मा, धीर सिंह राणा, तिलकराज शर्मा, रमेश पाल नोहनी, रमन वासन, अनिल सैनी, काका चहल, पूर्व सरपंच सुखबीर राणा, बिंदर सरपंच, बबीत सेठी, ओमपाल व अन्य मौजूद रहे।

---

## कई जगह पंपिंग स्टेशन बंद

- जलभराव को लेकर विधायक निर्मल ने कई कॉलोनियों का मुआयना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

मूसलाधार बारिश से अंबाला शहर में जलभराव को लेकर विधायक निर्मल सिंह ने कई कॉलोनियों का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि घग्घर नदी के ओवरफ्लो और बांधों के टूटने से हालात भयावह हो गए। हिसार रोड, मानपुर, डंडारी, नौगढ़, जड़ौत रोड, निजामपुर, कालू माजरा और भारत कॉलोनी जैसे इलाकों में पानी घरों और खेतों में घुस गया। उन्होंने कहा कि कि नालों की सफाई समय पर नहीं हुई। कई जगह पंपिंग स्टेशन बंद पड़े रहे या लगाए ही नहीं गए जिससे पानी निकासी का काम पूरी तरह ठप रहा। पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह मोहड़ा ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और प्रशासन को सख्त शब्दों में घेरा। उन्होंने कहा कि "सरकार और प्रशासन ने घग्घर नदी के उफान को रोकने के लिए कोई ठोस इंतज़ाम नहीं किया। यह कुप्रबंधन नहीं, बल्कि जनता की पीड़ा के प्रति क्रूर उदासीनता है। कुदरत ने रहमत करके बड़ा नुक़सान होने से रोक दिया, वरना शहर का बड़ा हिस्सा तबाही के गर्त में चला जाता। सिंह ने कहा कि "डबल इंजन सरकार की गति इस बार इंजन बंद होने जैसी रही।


**अंबाला।** जलभराव वाले क्षेत्रों का जायजा लेते विधायक निर्मल सिंह व अन्य।

#### विशेष मुआवजा पैकेज घोषित करने की मांग

*विधायक ने मौके पर अधिकारियों को दिशा निर्देश देकर चेताया गया कि यदि तुरंत मिशन मोड में राहत और बचाव कार्य नहीं किए गए, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। उन्होंने प्रभावित परिवारों के लिए राशन, पीने का पानी, दवाइयां और पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था करने तथा किसानों के लिए विशेष मुआवजा पैकेज घोषित करने की मांग की।*

## भगवान वामन की विधिवत पूजा-अर्चना की

- मुख्यअतिथि ने एमडीएसडी कॉलेज के प्रो. धनंजय की पुस्तक का विमोचन भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सडक़ें) विभाग के मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने उत्तरी हरियाणा के प्रसिद्ध वामन द्वादशी मेले में हिस्सेदारी की। इस दौरान उन्होंने भगवान वामन की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस मौके पर उन्होंने वामन द्वादशी मेले पर रखे देवी-देवताओं के विभिन्न हिंडोलों पर पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने हिंडोलों में सजाएं भगवान वामन के दर्शन किए और नत्मस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। यहां पहुंचने पर सनातन धर्म सभा के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि तथा पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला को भगवान वामन का स्मृति चिह्न व शाल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि ने एमडीएसडी कॉलेज के प्रो. धनंजय की पुस्तक का विमोचन भी किया। गंगवा ने प्राचीन संस्कृति को संजोए रखने के लिए मेले के आयोजकों की सराहना की और भगवान वामन के प्रकट दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के 10 अवतार थे जिसमें से 5वें अवतार भगवान वामन हैं। उनकी अवतार स्थली अंबाला में है।





भगवान वामन का आशीर्वाद लेते मंत्री रणवीर गंगवा व पूर्व मंत्री असीम गोयल व भजन गाती। फोटो: हरिभूमि

#### स्मृति चिह्न देकर उत्साह वर्धन किया

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ही एक मात्र ऐसा धर्म है जो पूरे विश्व के मंगल की कामना करता है। सनातन धर्म का मूल मंत्र वसुधैव कुटुंबकम है, यानि पूरी पृथ्वी एक परिवार के समान हैं। सनातन धर्म का विस्तार पूरे ब्रह्मांड में हो। मेले के आयोजक एवं सनातन सभा इस कार्य को बखूबी तरीके से कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अंबाला बलिदान की धरती है। उन्होंने कहा कि भगवान वामन ने जन मानस की पहचान करवाई है। यहां पर हजारों लोगों की संख्या में आये लोगों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि लोगों की इस (भगवान वामन के मेले) के प्रति भव्य आस्था है। उन्होंने कहा कि तीज-त्यौहार और मेले भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। यह मेले भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर अलग पहचान प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि मेले में आकर उन्हें जो सौभाग्य मिला है, उससे उनका जीवन पावन हो गया है और इसके लिए वह संस्था का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होनें अपने स्वैच्छिक कोष से सनातन धर्म सभा को ग्यारह लाख रूपए देने की घोषणा की। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने धार्मिक गीतों व भजनों की प्रस्तुति देने वाली उमा लहरी को भी स्मृति चिह्न देकर उनका उत्साह वर्धन किया।

---

## ग्रामीणों का जाना हाल, प्रशासन को दिए जरुरी निर्देश

- घग्गर नदी के पानी से प्रभावित गांवों में पहुंचे पूर्व मंत्री गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

घग्गर नदी में आए उफान और लगातार हो रही बरसात के चलते अंबाला के गांव प्रभावित हुए हैं। इस मुश्किल घड़ी में पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल खुद ट्रैक्टर पर सवार होकर बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचे और ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। गोयल ने वीरवार को लोहगढ़, मानकपुर और डंगडेहरी गांव का दौरा किया। यहां घग्गर नदी के पानी से ग्रामीण काफी परेशान नजर आए। गोयल ने मौके पर जाकर हालात का जायजा लिया और प्रशासनिक अधिकारियों को तुरंत राहत व बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी सुरत में ग्रामीणों की सुरक्षा और सुविधा से समझौता नहीं किया जाएगा। गोयल ने सभी को आश्वासन दिया कि सरकार और प्रशासन उनके साथ खड़ा है और हर संभव मदद समय पर उपलब्ध कराई जाएगी।

#### घग्गर नदी के पानी से ग्रामीण काफी परेशान नजर आए




**अंबाला।** ट्रैक्टर पर सवार होकर पानी प्रभावित गांवों का दौरा करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व ग्रामीणों से बातचीत करते हुए।

#### इस्माईलपुर नहरों का भी किया दौरा

इसके बाद असीम गोयल प्रशासनिक अधिकारियों के साथ इस्माईलपुर नहरों का दौरा करने पहुंचे। यहां उन्होंने पंजाब से आ रहे पानी की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को कहा कि हालात पर लगातार नजर रखी जाए। निर्देश दिए कि नहरों और बांधों पर निगरानी बढ़ाई जाए ताकि किसी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। असीम गोयल ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के इस दौर में पूरा अंबाला एकजुट होकर खड़ा है। उन्होंने बताया कि उनकी टीम और प्रशासनिक अमला दिन-रात फील्ड में तैनात है। जरूरत पड़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था भी की जा रही है।

#### लोगों का करवाया रेस्क्यू

घग्गर नदी का जलस्तर बढ़ने की वजह से अंबाला के घेल,निजामपुर क्षेत्र में भी पानी का स्तर काफी बढ़ गया। ऐसे में इलाके में रह रहे कुछ लोग पानी मे फंस गए। जिसकी सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंचा और साथ ही पूर्व मंत्री असीम गोयल भी मौके पर पहुंच गए। तुरंत एमजी स्काई एडवेंचरस की मदद से परिवार के दर्जन से ज्यादा सदस्यों का रेस्क्यू किया गया और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।






---

*इंडस्ट्रियल एरिया में जलभराव के लिए विपक्षी जिम्मेदार*

# 43 हजार क्यूसिक पानी आने पर भी छावनी में शहरी क्षेत्र की ओर सभी कालोनियां सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

भाजपा की नप सदस्य रेणू चौहान व भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य विजेंद्र चौहान कहा कि इस बार अंबाला छावनी में अभूतपूर्व बाढ़ का पानी आया है। परंतु जिस शहर में 25 हजार क्यूसिक पानी आने पर भी पहले किश्तियां चल जाती थी, अब वहां 43 हजार क्यूसिक पानी आने पर भी छावनी में शहरी क्षेत्र की ओर सभी कालोनियां सुरक्षित हैं। ये कॉलोनियां बाढ़ की चपेट में आने से बच गई हैं। ऊर्जा मंत्री अनिल विज द्वारा रामगढ़ माजरा से अंबाला-सहारनपुर रेलवे लाइन तक टांगरी नदी बांध पर 8 किलोमीटर लंबा पक्का बांध बनवाया गया।


**अंबाला।** सहारनपुर लाइन पर पंप का मुआयना करते भाजपाई। *फोटो: हरिभूमि*

#### खुदाई कार्य में भी विपक्षियों ने डाली थी बाधा

चौहान ने कहा कि छावनी से पानी निकासी के लिए मंत्री अनिल विज द्वारा बब्याल पंप हाउस और महेशनगर पंप हाउस पर 200-200 क्यूसिक के पंप लगाए गए हैं। रामपुर सरसेहड़ी में टांगरी नदी पर बांध बनाने का काम और टांगरी नदी को गहरा कराए जाने का काम शुरू करवाया था। मगर विपक्ष यदि बाधा न डालता तो टांगरी नदी पार इंडस्ट्रियल एरिया में जो समस्या हुई है वह उत्पन्न ही नहीं होती। विपक्षी दलों द्वारा बांध बनाने के लिए जमीन देने में अडंगा डाला गया जिसके कारण लगभग एक महीने तक काम रूका रहा। विज द्वारा टांगरी नदी में चंदपुरा से शाहपुर-कोटकछुआ तक नदी को 6 फुट गहरा कराने का काम शुरू कराया गया था। इसकी खुदाई कार्य में भी विपक्षियों ने बाधा डाली थी। गुडगुडिया नाले को कंकरीट का बनवाया गया जिससे पानी निकासी तेजी से हो रही है। इसके अलावा सदर क्षेत्र में स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज पाइप लाइन डाली गई जिससे पानी निकासी तेजी से हो रही है। महेशनगर ड्रेन के शेष हिस्से को पक्का कराने के लिए भी 24 करोड़ रुपए मंजूर कराए गए हैं।


